तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 12 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

### जिले में संचालित हैं 15 आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल

# अब आत्मानंद स्कूलों में लिया जाएगा शिक्षण शुल्क, नहीं होगी निःशुल्क पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों में अब फ्री में पढ़ाई नहीं होगी। अन्य शासकीय स्कूलों के तर्ज पर यहां भी शिक्षण शुल्क लेने की तैयारी चल रही है। बीते दिनों कलेक्ट्रेट में हुई प्राचार्यों की बैठक में शासन के इस योजना से अवगत करा दिया गया है। बहुत जल्द ही इसके आदेश जारी कर दिए जाएंगे।**

#### खास बात

- प्राचार्यों की बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्यों को कराया अवगत

जिले में 15 आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित है। जहां 9वीं से 12वीं तक शिक्षण शुल्क लिया जाएगा। अब तक पहली से 12वीं तक आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में किसी तरह के शुल्क नहीं लिए जाते थे। जबकि शासन के ही अन्य स्कूलों की तरह इसका भी संचालन हो रहा है और उन स्कूलों में शासन द्वारा तय शिक्षण शुल्क लिए जा रहे हैं वहीं 2019 में शुरु हुए स्वामी आत्मानंद हिंदी मिडियम स्कूलों में पहली से 12वीं तक किसी तरह के शुल्क नहीं लिए जा रहे थे। स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा अब आत्मानंद स्कूलों में फीस लेने का निर्णय लिया गया है। इंग्लिश मिडियम आत्मानंद स्कूलों में 9वीं से 12वीं तक लगभग 1500 रुपए सालाना शुल्क निर्धारित किया गया है। इसी तरह उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूलों के लिए भी लगभग 6 सौ रुपए सालाना शुल्क निर्धारित किया गया है। शुल्क निर्धारित किए जाने की नीति में पहली से आठवीं तक की कक्षाओं को इससे मुक्त रखा गया है। पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों से किसी भी तरह के शुल्क स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल और उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूलों में नहीं लिए जाएंगे। बुधवार को कलेक्ट्रेट में प्राचार्यों की हुई बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा शासन के इस निर्णय से प्राचार्यों को अवगत करा दिया गया है। जल्द ही इसके आदेश जारी हो जाएंगे।



फाइल फोटो

#### प्रवेश में होती है मारामारी

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल निःशुल्क पढ़ाई होने के कारण प्रवेश के लिए मारामारी मची रहती थी। पहली कक्षा में प्रवेश लेने के बाद छात्र 12वीं तक निःशुल्क पढ़ाई करते थे और वह भी सीबीएसई बोर्ड की। जिसे देखते हुए अभिभावकों में अपने बच्चों को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रवेश के लिए होड़ मची रहती थी। प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए भी शिक्षा विभाग के द्वारा 3 किलोमीटर का प्रावधान भी जारी किया गया था। इस प्रावधान के तहत स्कूल परिसर से 3 किमी तक की दूरी तक रहने वाले छात्रों को ही प्रवेश में प्राथमिकता दी जाती है।

#### जिले में 4 स्कूलों को सीबीएसई बोर्ड से मान्यता

जिले में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों की संख्या 15 है। जिसमें 4 स्कूलों को सीबीएसई बोर्ड से मान्यता दी गई है। जिनमें पाली, कटघोरा, हरदीबाजार और कोरबा ब्लाक पंप हाउस इंग्लिश मीडियम शामिल है। जहां प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ रही है। उस दृष्टि से शिक्षकों की भर्ती अभी भी सेटअप के अनुसार नहीं हो सकी है। छात्रों को विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की सुविधाएं नहीं मिल रही है।

#### प्राचार्यों को दी गई जानकारी

स्कूल शिक्षा विभाग की रायपुर में हुई बैठक में आत्मानंद स्कूलों में भी पहली से बारहवीं तक शुल्क लिए जाने का निर्णय लिया गया है। इससे प्राचार्यों को अवगत कराया गया है। जल्द ही इसके आदेश जारी किए जाएंगे।

**-टीपी उपाध्याय,** डीईओ







Vijayश्री
HERITAGE
Shanichari Road
LUXURIOUS 3 BHK & 4 BHK RESIDENCES
AADHARSHILAS
BUILDERS PVT. LTD.
RERA
CHHATTISGARH
PCGRERA230126002033
सिर्फ एक पता नहीं
सुकून
का एक नया
आशियाना
SAY yes
TO YOUR
LUXURIOUS HOME
SPECIAL BOOKING OFFER
UP TO 30TH APRIL 2026
Site Address: Science College, Shanichari Road, Along Vijayapuram Colony, Bilaspur, Chhattisgarh.
SOLAR FOR COMMON AREA
MINI THEATER
COMMON HALL ON TERRACE
GYM
Science College
300 Meter
SECL Head Office
700 Meter
Khel Parisar
700 Meter
Apollo Hospital
1.5 Km
Railway Station
6.5 Km
Gol Bazar &
Sadar Bazar
(Market) 1.5 Km
Member of
CREDAI
Confederation of Real Estate
Developers' Association of India
Scan for
Floor Plan
+91 9300321527 | +91 9329730177 | +91 9826533344
Head Office Address: In front of Chhattisgarh Bhavan, Nehru Chowk, Bilaspur (C.G.)
E-mail-: abplbsp94@gmail.com | Website :- www.aadharshilabuilders.com
Scan for
Brochure

# नए सत्र प्रारंभ होने से पहले मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य करें पूर्ण : कलेक्टर

## डेडलाइन तय कर निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बातें**

- एसटीपी, पीएम ई-बस, नर्सिंग कॉलेज सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



अलग खबर

कलेक्टर ने भुलसीडीह में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व कॉलेज का मुख्य भवन व समस्त आवश्यक सुविधाएँ पूर्ण रूप से तैयार होनी चाहिए। इसके लिए मैनपावर बढ़ाकर कार्य तीव्र गति से करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने साइट इंजीनियरों से अलग-अलग प्रगतिशील कार्यों की जानकारी लेते हुए गर्ल्स एवं बॉयज़ हॉस्टल, रेसिडेंशियल ब्लॉक, ड्रेनेज सिस्टम, बाउंड्रीवाल, इंटरनल एवं एक्सटर्नल डेवलपमेंट के कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए कि निर्धारित समय से पूर्व संपूर्ण निर्माण पूर्ण करा लिया जाए। इसके बाद कलेक्टर ने जमनीपाली में प्रधानमंत्री ई-बस योजना अंतर्गत निर्माणाधीन सिविल बस डिपो तथा बीटीएम पॉवर इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि कंडम वाहनों को प्रक्रिया अनुसार शीघ्र ऑक्शन किया जाए। साथ ही सब-स्टेशन, जीपीएस-इंटरनेट व्यवस्था, 360 डिग्री कैमरों सहित सेंट्रलाइज्ड सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बस एंट्री-एग्जिट गेट पर कैमरों की स्थापना तथा ड्राइवरदृकंडक्टरों के लिए डोरमेट्री, कैफेटेरिया, मेडिकल रूम जैसी सुविधाएँ सुनिश्चित करने कहा। ठेकेदार को 30 मई तक सभी कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। कलेक्टर ने दर्री स्थित 33 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने भौतिक प्रगति की समीक्षा करते हुए समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अँधरीकछार में निर्माणाधीन प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भवनों का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने 15 जून से पूर्व भवन पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्लाइडिंग खिड़कियाँ लगाने, अनुपयोगी भवनों को डिस्मेंटल कर मलबा हटाने तथा परिसर को विद्यार्थियों के प्ले ग्राउंड के रूप में विकसित करने को कहा। साथ ही बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु अनुमान (एस्टीमेट) शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने खरमोरा में नर्सिंग कॉलेज के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने दो माह के भीतर शेष कार्यों को पूर्ण करने के सख्त निर्देश ठेकेदार को दिए।

## खबर संक्षेप

### निर्धन कन्याओं को दिया गया कपड़ा

**कोरबा।** विशेष जनजाति पण्डो एवं बीरहोर समाज की निर्धन कन्याओं को सेवा भाव से कपड़ा भेंट किया गया। कपड़ा वितरण के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा पवन कुमार सिंह, कुंवर राजवर्धन सिंह उपस्थित रहे। इन्होंने बिंझरा, मल्दा, डोंगरतराई में रहने वाले बच्चों को कपड़ा प्रदान किया गया। इस दौरान उपसरपंच राजेश सिंह, शंभू शरण सिंह, सुरेंद्र प्रताप, विष्णु यादव, रूपेश शांडिल्य, मल्दा सरपंच रामकुमार यादव, संतोष सिंह कंवर, सुरेश तंवर, उप सरपंच मलदा नंदकिशोर, सरपंच संजू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### सफाई कर्मचारी आयोग उपाध्यक्ष से मुलाकात कर कर्मचारियों के शोषण से कराया अवगत



**कोरबा।** सफाई कर्मचारी की समस्या राष्ट्रीय स्तर पर शोषित वंचित समाज परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश पिंपरे ने विभिन्न प्रदेशों के प्रतिनिधि को चिंतन मंथन कार्यक्रम 2 दिवसीय रखा गया था। जिसमें सैकड़ों समाज लोगों ने भाग लिया जिसमें बतौर सफाई कर्मचारी आयोग उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल एवं राष्ट्रीय मानव आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो से नई दिल्ली में मुलाकात कर छत्तीसगढ़ में हो रहे सफाई कर्मचारी का शोषण व मैनुअल स्वेज़र एक्ट 2013 का उल्लंघन एसईसीएल, सीएसईबी, एनटीपीसी, बालको अन्य कंपनियों में खुले रूप से हो रहा है लेकिन प्रशासन इन विभागों पर नकेल नहीं कस पाई रही है। छत्तीसगढ़ रायपुर के रामकृष्ण हॉस्पिटल में हुई घटना सीवर से तीन मौत के पश्चात जिला में प्रशासन द्वारा इन कंपनी से सीवर टैंकों की सफाई संबंधित जानकारी नहीं मांगी गई। आज भी सफाई कर्मचारी सैप्टिक में बिना सुरक्षा के जान जोखिम में डाल रहे हैं। हमारे द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सफाई कर्मचारी एवं सफाई ठेका प्रथा समाप्त कर नियमित कारण करने का निवेदन पत्र दिया गया।

### अखबार वितरक संघ ने सुरेश चंद्र रोहरा की दी श्रद्धांजलि



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ द्वारा शुक्रवार की सुबह टीपी नगर केंद्र में स्व. सुरेश चंद्र रोहरा की प्रथम पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. रोहरा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय सुरेश चंद्र रोहरा न केवल एक समर्पित अखबार वितरक थे, बल्कि वे हमेशा वितरकों के हितों के लिए अग्रणी भूमिका निभाते रहे। उनके प्रयासों से संघ को मजबूती मिली और वितरकों की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। जिला अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू ने कहा कि स्व. रोहरा का व्यक्तित्व सरल, मिलनसार और संघर्षशील था। उन्होंने अपने जीवनकाल में अखबार वितरकों के अधिकारों और कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया। जिला सचिव जय कुमार नेताम ने उन्हें संघ का मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि उनका योगदान सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर सहित अन्य सदस्यों तपेश्वर राठौर, रामाकृष्ण कुमार निर्मलकर, राय सिंह, मुरित कश्यप, बजरंग यादव, ओमकार चंद्र एवं दीपक पात्रे ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए स्व. रोहरा के साथ बिताए गए अनुभवों को साझा किया। सभी ने एक स्वर में कहा कि उनका जाना संघ के लिए अपूरणीय क्षति है।

### पेड़ के फंदे में लटकती मिली युवक लाश

**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र स्थित बीपीपी प्लांट की बाउंड्री वॉल के पास एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में पेड़ से लटका हुआ मिला। इस घटना के घटित होने पश्चात क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अरुण निषाद पिता स्व किशोर के रूप में की गयी है, जो दर्री फर्टिलाइजर बस्ती का निवासी बताया जा रहा हैं। स्थानीय लोगों ने सुबह पेड़ पर शव लटका देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। वहीं, आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है ताकि घटना से जुड़े सभी तथ्यों का पता लगाया जा सके।

## उद्योग मंत्री व महापौर ने किया भूमिपूजन

# जनताजनार्दन की इच्छा मेरे लिए सर्वोपरि : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 को मिली 54 लाख रुपए के सड़क रोशनी कार्य की सौगात



फीता काटकर विकास कार्यों का शुभारंभ करते उद्योग मंत्री, महापौर व अन्य।

कोरबा के विकास एवं नागरिक सुविधाओं की बेहतरी के लिये विगत 2 वर्ष के दौरान लगभग साढे 8सौ करोड़ रूपये के विकास कार्यों परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है, पुल-पुलिया निर्माण एवं जीर्णोद्धार, सड़कों का निर्माण व डामरीकरण, पानी, बिजली सहित विभिन्न अधोसंरचना से जुड़े विकास कार्य के साथ-साथ अन्य विविध कार्यों व योजनाओं हेतु यह राशि स्वीकृत कराई गई है, निगम के प्रत्येक वार्ड में वहॉं की जनता की इच्छा के अनुरूप व्यापक पैमाने पर विकास कार्य कराये जा रहे हैं। विकास कार्यों हेतु धनराशि की कोई कमी नहीं हो रही है।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम जोनांतर्गत वार्ड क्र. 8 एवं 9 में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान 54 लाख रूपये के सड़क रोशनी कार्य की सौगात वार्डवासियों को प्रदान की गई। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रशासन प्रदेश को दिया है तथा इसके लिये हमारी सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध भी है। उन्होने कहा कि हमारी सरकार सुशासन पर एवं जनताजनार्दन की सेवा पर विश्वास रखती है, इसी का परिणाम है कि आज देश व प्रदेश में दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ देश व प्रदेश के करोड़ों लोगों को प्राप्त हो रहा है। निगम द्वारा लगातार किये जा रहे विकास कार्यों की अगली कड़ी में कोरबा जोन के वार्ड क्र. 8 एवं 9 अंतर्गत सीतामणी हटरी मेन रोड से इमलीडुग्गू स्वागत द्वार तक 54 लाख 28 हजार रूपये की लागत से सड़क बत्ती स्ट्रीट लाईट स्थापना का कार्य किया जाना हैं, जिसके तहत 60 नग विद्युत खंभों की स्थापना कर स्ट्रीट लाईट लगाई जाएंगी। सीतामणी सामुदायिक भवन में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं महापौर श्रीमती राजपूत ने उक्त नागरिक सुविधा से जुडे. महत्वपूर्ण कार्य हेतु भूमिपूजन किया तथा तत्काल कार्य प्रारंभ कर समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि नागरिक सुविधायें बेहतर हो रही हैं तथा बर्षो से व्याप्त जनसमस्यायें दूर की जा रही हैं। उन्होने कहा कि सड़कों पर जहॉं अंधेरा पसरा रहता था, वहॉं अब उजाला बिखरेगा, सम्पूर्ण कोरबा नगर निगम क्षेत्र में 5 हजार स्ट्रीट लाईट लगाये जाने का कार्य प्रारंभ हो चुका है, इससे सड़कों पर अंधेरा नहीं रहेगा, लोगों को सड़क रोशनी की पर्याप्त सुविधा प्राप्त होगी।

### ईव्ही चार्जिंग स्टेशन का शुभारंभ

नगर निगम द्वारा इलेक्ट्रानिक वाहनों की चार्जिंग हेतु महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध कराते हुये घंटाघर निहारिका मार्ग पर स्थित स्मृति उद्यान के समीप 25 लाख रूपये की लागत से ई.व्ही. चार्जिंग स्टेशन की स्थापना की गई है। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उक्त चार्जिंग स्टेशन का शुभारंभ उनके करकमलों के द्वारा किया गया।

# एक वर्ष में 12 ब्लड डोनेशन कैंप लगाएगी रेडक्रॉस सोसायटी




प्रेसवार्ता को संबोधित करते रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- भारतीय रेडक्रास सोसायटी की प्रेसवार्ता

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार काम किया जा रहा है। वर्ष 2024 में गठित कोरबा यूनिट ने अपने 15 महीने के कार्यकाल में उपलब्धि हासिल की है। उक्त बातें अध्यक्ष राम सिंह अग्रवाल ने कहीं। रेड क्रॉस सोसाइटी के विभिन्न पदाधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिले के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के बारे में चर्चा की। राम सिंह अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2024 से कामकाज शुरू किया गया है और अब तक की स्थिति में कई रिकॉर्ड बनाए गए हैं। हमारे प्रयास से ब्लड कलेक्शन वाहन आ गई है जो विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर अपनी भूमिका निभाएगी। हमने एक वर्ष में न्यूनतम 12 ब्लड डोनेशन कैंप लगाना सुनिश्चित किया है। बताया गया कि जल्द ही रेड क्रॉस सोसाइटी का अपना भवन होगा। इसके लिए प्रयास शुरू किए जा रहे हैं। स्कूल और कॉलेज में यूथ व जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी के अंतर्गत क्लब बनाने पर भी काम होना है । शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य क्षेत्र के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# विकास नगर कॉलोनी में गिरा छज्जा, बाल-बाल बचा परिवार



छत का गिरा छज्जा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र स्थित विकास नगर कॉलोनी में खदान कर्मियों के आवासों की जर्जर हालत एक बार फिर सामने आई है। एमडी 106 नंबर क्वार्टर का छज्जा मंगलवार को अचानक मिट्टी के ढेर की तरह ढह गया। गनीमत रही कि उसमें रह रहा परिवार बाल-बाल बच गया, लेकिन इस घटना ने कॉलोनी में रहने वाले सैकड़ों परिवारों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय रहवासियों के अनुसार विकास नगर कॉलोनी की स्थिति बेहद बदतर हो चुकी है। यहां अक्सर किसी न किसी क्वार्टर का कोई हिस्सा टूटकर गिरता रहता है। छतों से प्लास्टर गिरना, दीवारों में दरारें आना और अब छज्जों का ढहना आम बात हो गई है। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि लगभग सभी आवास जीर्ण शीर्ण अवस्था में हैं और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। एसईसीएल कर्मी देवा कुमार राउत ने बताया कि आवासों की बदहाली की जानकारी एसईसीएल प्रबंधन को कई बार लिखित में दी जा चुकी है। मरम्मत के लिए आवेदन देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आज की घटना के बाद कॉलोनी में भारी आक्रोश है। रहवासियों ने कहा कि वे और उनके बच्चे हर दिन डर के साये में जीने को मजबूर हैं। रात में सोते समय भी यह डर लगा रहता है कि कहीं छत या दीवार न गिर जाए। खदान में दिनभर मेहनत करने वाले कर्मियों को घर पर भी सुकून नहीं मिल पा रहा है। हालांकि जिस आवास का छज्जा गिरा है उसका सर्वे आफ हो चुका है। यानी वह रहने लायक नहीं है इसके बावजूद लोग मकानों में रह रहे हैं।

## बिजनेस प्लस

### ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी क्वालिटी ऑफ लाइफ देती है : डॉ.त्यागी



**कोरबा।** एनकेएच कोरबा में मेदांता के जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. विपिन चंद्र त्यागी ने अपनी उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए मरीजों को लाभान्वित किया। वे परामर्श व उपचार के लिए 12 अप्रैल रविवार को भी उपलब्ध रहेंगे। अब घुटने और कूल्हे के जॉइंट रिप्लेसमेंट जैसी जटिल सर्जरी के लिए एनकेएच सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में मेदांता हॉस्पिटल के वरिष्ठ जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. विपिन चंद त्यागी अपनी सेवाएं समय समय पर देंगे। डॉ. त्यागी 10 हजार से अधिक सफल घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण सर्जरी कर चुके हैं और आर्थोप्लास्टी के क्षेत्र में व्यापक अनुभव रखते हैं। डॉ. त्यागी ने एक चर्चा में कहा कि ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एक ऐसी सर्जरी है जो आदमी को क्वालिटी ऑफ लाइफ देती है। इससे पहले मरीज खासकर जो बुजुर्ग होते हैं, टेढ़े-मेढ़े चलते हैं, दर्द से दिन-रात तड़पते रहते हैं, नींद नहीं आती, इसके कारण डिप्रेशन में चले जाते हैं। उन्हें समस्या तो होती है लेकिन वह शिकायत नहीं करते कि परिवार वाले परेशान होंगे, पर अब इसका समाधान है। यदि हमारे घुटने खराब हो गए हैं तो उनका रिप्लेसमेंट दे सकते हैं। कुछ लोगों में यह मिथक है की सर्जरी करने से सब कुछ खराब हो जाता है जबकि ऐसा नहीं है। हिंदुस्तान में आज सबसे ज्यादा सर्जरी यदि हो रही है तो वह जॉइंट रिप्लेसमेंट की सर्जरी है जो सर्वाधिक नंबर पर है क्योंकि यह सक्सेस है। डॉक्टर त्यागी ने बताया कि ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के बाद यह जरूरी है कि 5 सप्ताह तक नियमित रूप से फिजिकल थेरेपी करें। यदि इसे इग्नोर करते हैं तो दिक्कत बढ़ सकती है। मरीज का यदि ज्वाइंट रिप्लेसमेंट होता है तो उन्हें इसकी सावधानी बरतनी चाहिए और फिजियोथेरेपी नियमित तौर पर 5 से 6 हफ्ते जरूर करनी चाहिए।



## खबर संक्षेप

### साइबर फ्राड व धोखाधड़ी के मामले में लिप्त आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**सूरजपुर।** साइबर फ्राड व धोखाधड़ी के मामले में लिप्त आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम दवना निवासी विजय प्रताप ने 29 अक्टूबर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि भूपेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा एसईसीएल में नौकरी लगवाने के नाम पर 16 फरवरी.2024 से वर्ष 2025 के बीच 20 हजार रुपये, रिश्तेदार रतन सिंह से 35 हजार रुपये कुल 55 हजार रुपये लिया। नौकरी नहीं लगने पर पैसा वापस मांगने पर टालमटोल करने लगा। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी भूपेन्द्र विश्वकर्मा के विरूद्ध धारा 420 के महत अपराध दर्ज किया गया। वहीं दूसरे मामले में भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल में विभिन्न बैंक शाखाओं में संचालित लेयर-1 पर कार्रवाठ करने के संबंध में पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ से शिकायत प्राप्त हुआ जिसमें म्यूल अकाउंट खाता धारक भूपेन्द्र विश्वकर्मा के आईडीबीआई बैंक के एकाउंड शामिल थे। जांच उपरान्त साइबर फ्राड से संबंधित शिकायत में भूपेन्द्र के नाम से होने पर उसके विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 317(4), 318(2), 61(2)(ए) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने धोखाधड़ी व ऑनलाईन सायबर फ्राड के मामलों की विवेचना गंभीरता से करते हुए आरोपी को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। कोतवाली पुलिस आरोपी की लगातार पतासाजी में लगी थी। इसी बीच मुखबीर की सूचना पर आरोपी ग्राम रूनियाडीह निवासी भूपेन्द्र विश्वकर्मा आ. बंशीलाल विश्वकर्मा (40 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि विजय प्रताप व अन्य लोगों से नौकरी लगाने के नाम पर रूपए लिया और अपने शौक को पूरा करने में रूपए को खर्च कर दिया। साथ ही साइबर फ्राड गिरोह के एक व्यक्ति को अपना बैंक खाता, एटीएम व सीम को 5 हजार रूपये लेकर दिया है तथा उससे प्रत्येक माह 5 हजार रूपये लिया करता था। आरोपी द्वारा अपना बैंक खाता को विभिन्न राज्यों में साइबर फ्रॉड करने वाले सायबर फ्रॉड गिरोह के सदस्यों को देकर अवैध साधनों के माध्यम से आर्थिक लाभ अर्जित करना पाया गया। दोनों ही मामले में आरोपी गिरफ्तार किया गया है। विवेचना में खाता धारक के बैंक अकाउंट में 77 लाख 84 हजार रुपये का ट्रांजेक्शन होने की जानकारी सामने आई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी विमलेश दुबे, एएसआई देवनाथ चौधरी, आरक्षक रविराज पाण्डेय, बृजलाल व नरेश टोप्पो सक्रिय रहे।

### 13 वर्षों से फरार चल रहा नक्सली झारखंड से गिरफ्तार



**अम्बिकापुर।** बलरामपुर पुलिस ने नक्सलवाद के खिलाफ चलाए गए अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। सामरीपाठ पुलिस ने 13 वर्षों से फरार चल रहे माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य स्थायी वारंटी मुन्ना कोरवा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। माओवादी संगठन के सदस्य को पुलिस ने झारखण्ड के भंडरिया से पकड़ा है। बताया जा रहा है कि 9-10 फरवरी 2012 की रात नक्सलियों ने झारखंड के लातेहार महुआडांड भुगलूडीह हाल कुमार कुसमी के ग्राम पुन्दाग निवासी 25 वर्षीय लखु यादव आ. लक्ष्मण यादव को बंधक बनाकर मारपीट की थी। उस दौरान नक्सली दस्ता में मुख्य सदस्य गढ़वा भंडरिया सरूवत निवासी 25 वर्षीय इकबाल यादव आ. मिट्ठू यादव की बात लखू यादव द्वारा नहीं मानने परनक्सलियों ने लखू यादव पर गोली चलाई थी लेकिन वह किसी तरह भाग निकला और अपनी जन बचाई। लखू यादव ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद सामरीपाठ थाना में पुलिस ने भादवि की धारा 147, 148, 149, 342, 395, 307, 232, 120 (बी) एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया था। इस मामले की जांच के दौरान 30 मई 2012 को पुलिस ने अभियोग तैयार कर न्यायालय रामानुजगंज में पेश किया था। इस दौरान न्यायालय द्वारा फरार आरोपियों के खिलफ स्थायी वांरट जारी किया था। इसी प्रकरण में स्थायी वारंटी झारखंड के लातेहार भंडरिया टेहडी निवासी 33 वर्षीय मुन्ना कोरवा पिता भोगड़ो कोरवा 12-13 वर्षो से फरार चल रहा था। नक्सली वारदात के मामले में फरार चल रहे आरोपी के संबंध में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी अपने गांव में छिपा हुआ है। सूचना के बाद एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी आशीष कुंजाम के नेतृत्व में पुलिस टीम को झारखंड रवाना किया गया था।

## निधन

### विपिन कुमार शर्मा



**रजगामार।** डीएम कॉलोनी रजगामार निवासी विपिन कुमार शर्मा व प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथगडा का आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गए हें। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम टेकर में किया गया। इस दौरान परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### पीजी कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# कॉलेजों में पहुंची आईआईएम टीम, युवाओं को फेलोशिप के लिए किया गया प्रेरित



ऊेलोशिप के लिए प्रोत्साहित करते आईआईएम की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के युवाओं को उच्च शिक्षा और बेहतर करियर से जोड़ने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप के तहत एक विशेष पहल की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर में दो वर्षीय एमबीए इन पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस कोर्स करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आईआईएम रायपुर के प्रतिनिधियों द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं।

इसी कड़ी में संस्थान के प्रतिनिधि श्री बिनॉय और एस.एन. मंडल ने जिले के प्रमुख महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को कोर्स के सम्बंध में बताते हुए पात्रता और आवेदन प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई है। टीम द्वारा कोरबा के ई. विश्वेश्वरैया पीजी कॉलेज, मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, अग्रसेन कन्या महाविद्यालय तथा कमला नेहरू कॉलेज में विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें योजना के लाभ बताए गए। साथ ही फेलोशिप की व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु पाम्पलेट भी वितरित किए गए। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं तक योजना की जानकारी प्रदान करने हेतु छात्रों को प्रेरित किया, जिससे अधिक से अधिक युवा इस अवसर का लाभ उठा सकें। इस फेलोशिप की प्रमुख विशेषता यह है कि चयनित अभ्यर्थियों की पूरी फीस छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वहन की जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों को प्रति माह 50 हजार रुपए की छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। कोर्स के दौरान छात्रों को आईआईएम रायपुर में उच्चस्तरीय शिक्षण के साथ-साथ राज्य शासन के विभिन्न विभागों में व्यावहारिक प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। यह योजना केवल छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के लिए लागू है तथा इसमें राज्य शासन की आरक्षण नीति का पालन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी आईआईएम रायपुर की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। इस पहल के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को न केवल उच्च शिक्षा का अवसर मिलेगा, साथ ही वे सुशासन और पब्लिक पॉलिसी के क्षेत्र में भविष्य भी संवार सकेंगे।

# पीएनसी कंपनी पर स्थानीय को छोड़ बाहरी को रोजगार देने का लगा आरोप



शिकायत दर्ज कराते छग क्रांतिसोना के पदाधिकारी एवं स्थानीय बेरोजगार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा खदान में काम कर रही पीएनसी कंपनी एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गई है। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने कंपनी पर आरोप लगाते हुए स्थानीय भू-प्रभावित छत्तीसगढ़िया परिवारों को नौकरी से वंचित करने का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया है।

**खास बात**

- छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने खोला मोर्चा, आंदोलन की दी चेतावनी

संगठन का आरोप है कि खदान से प्रभावित गांवों के लोगों की जमीन, जल स्त्रोत और आजीविका छिनने के बाद भी पीएनसी कंपनी उन्हें रोजगार में प्राथमिकता नहीं दे रही, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। पीएनसी कंपनी पर यह भी आरोप है कि ड्राइवरों को समय पर पूरा वेतन नहीं दिया जा रहा कई ड्राइवरों को गेट पास जारी नहीं किया गया तय मानकों के अनुसार उचित वेतन नहीं मिल रहा। क्रांति सेना ने पीएनसी कंपनी को सीधा 5 दिवसीय अल्टीमेटम देते हुए साफ चेतावनी दी है कि अगर 15 अप्रैल तक मांगें पूरी नहीं हुईं, तो कंपनी का पूरा काम बंद करा दिया जाएगा। संगठन ने ऐलान किया है कि मांगें नहीं मानी गईं तो पीएनसी कंपनी का सम्पूर्ण कार्य ठप किया जाएगा कंपनी के खिलाफ शांतिपूर्ण लेकिन व्यापक आंदोलन होगा अब और अन्याय नहीं सहेंगे" संगठन के नेताओं का कहना है कि यह लड़ाई छत्तीसगढ़ के बेटा-बेटियों के हक और सम्मान की है और अगर अनदेखी हुई तो हालात बिगड़ सकते हैं। अब निगाहें पीएनसी कंपनी पर पूरा मामला अब पीएनसी कंपनी के जवाब और कार्रवाई पर टिका है। क्या कंपनी समय रहते समाधान निकालेगी या गेवरा खदान में बड़ा आंदोलन देखने को मिलेगा- यह आने वाले कुछ दिन तय करेंगे।

# जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किया जाएगा मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मुकेश राठौर।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कोरबा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी 10 मंडल कमेटी, 67 वार्ड कमेटी, एवं 299 बूथ कमेटी बनाने के लिए ब्लॉक वार दो - दो प्रभारी नियुक्त किया है, जो अपने-अपने प्रभार ब्लॉक में जाकर ब्लाक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, पार्षद, पूर्व पार्षद, वरिष्ठ कांग्रेसजन, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर 15 अप्रैल तक मंडल, वार्ड एव बूथ कमेटी का गठन करेंगे। जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कोरबा शहर ब्लॉक हेतु राजेन्द्र सिंह ठाकुर एवं हीरालाल साहु को प्रभारी बनाया है। कोरबा ब्लॉक में वार्ड क्र. 1 से वार्ड क्र. 18 तक को शामिल किया गया है। वहीं निहारिका ब्लाक की जिम्मेदारी दुष्यंत शर्मा एवं रेखा त्रिपाठी को सौंपा गया है, यहां वार्ड क्र. 19 से वार्ड क्र. 37 तक शामिल है । कुसमुण्डा ब्लाक के लिए धुरपाल सिंह कंवर एवं मनीराम साहु प्रभारी बनाए गये हैं, जो वार्ड क्र. 61 से वार्ड क्र. 66 तक के वार्डों में कमेटी गठन करने में मदद करेंगे। दर्री ब्लाक के वार्ड क्र. 48 से वार्ड क्र. 60 तक एवं वार्ड क्र. 67 के लिए अर्चना उपाध्याय एवं मनहरण लाल राठौर (इंटक) को प्रभारी नियुक्त किया गया है तथा बालको ब्लॉक के वार्ड क्र. 38 से वार्ड क्र. 47 तक के लिए आनंद पालीवाल एवं रवि सिंह चंदेल को प्रभारी बनाया गया है। जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर ने नव नियुक्त प्रभारियों को कहा है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसार संगठन सृजन अभियान के तहत संगठानात्मक पूर्णता एवं संगठन की मजबूती को सुदृढ़ बनाने के लिए जिला कमेटी, ब्लाक कमेटी के गठन के बाद मंडल कमेटी, वार्ड कमेटी एवं बूथ कमेटी का गठन तत्काल प्रभाव से पूर्ण किया जाना आवश्यक है।

**खास बात**

- शहर अध्यक्ष न ब्लाकवार नियुक्त किए दो प्रभारी

### दीक्षांत समारोह में लक्ष्मी राव को मिला गोल्ड मेडल

**कोरबा।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के 39वें दीक्षांत समारोह का आयोजन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। समारोह का इग्नू मुख्यालय दिल्ली से सुबह 10.30 बजे उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ किया गया। उपराष्ट्रपति ने समारोह में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को वर्चुअल रूप से संबोधित किया। इस दौरान कोरबा की के.लक्ष्मी राव को मास्टर ऑफ ज्योतिष के लिए गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त मेडल पं. रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल एवं इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. गौड़ा राजेन्द्र के हाथों प्रदान किया गया। समारोह में विभिन्न विषयों की पढ़ाई करने वाले प्रदेशभर के कुल 1152 छात्र-छात्रओं को उपाधि प्रदान की गई। स्वामी आत्मानंद हिन्दी उत्कृष्ट विद्यालय एनसीडीसी कोरबा में लक्ष्मी राव संस्कृत विषय की व्याख्याता हैं।

# नटरंग फेस्टिवल में गूंजा कला का रंग दासगुप्ता गुरु द्रोण से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय कला और संस्कृति को समर्पित नटरंग फेस्टिवल ऑफ इंडियन आर्ट एंड कल्चर – चैप्टर 2 का भव्य आयोजन राजधानी रायपुर में किया गया। इस प्रतिष्ठित आयोजन का संचालन संगीता कला डांस अकादमी द्वारा किया गया, जिसकी निदेशक संगीता कापसे हैं। 3 से 8 अप्रैल तक चले इस सांस्कृतिक महोत्सव में देशभर के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फेस्टिवल के अंतर्गत 8 अप्रैल को रंग मंदिर ऑडिटोरियम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा के प्राध्यापक एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक डॉ. कुणाल दासगुप्ता को उनके शिष्यों सहित प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर डॉ. दासगुप्ता को भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'गुरु द्रोण' उपाधि से सम्मानित किया गया। वहीं उनके प्रतिभाशाली शिष्य प्रयात पांडे एवं अभिसार ठाकुर को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवार्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम की आयोजक संगीता कापसे ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से न केवल कलाकारों को मंच मिलता है, बल्कि नई पीढ़ी को प्रेरणा भी मिलती है। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे सांस्कृतिक उत्सव भविष्य में भारतीय कला की समृद्ध परंपरा को और मजबूत करेंगे। डॉ. कुणाल दासगुप्ता ने इस सम्मान को अपने लिए विशेष बताते हुए कहा कि यह उपाधि उनके लिए अन्य सभी सम्मानों से अलग है, क्योंकि यह सीधे तौर पर गुरु-शिष्य परंपरा के संरक्षण और संवर्धन से जुड़ी हुई है।



सम्मान प्राप्त करते डॉ कुणाल।

# दीपका शक्तिनगर कॉलोनी में साफ सफाई का आभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

शक्ति नगर विजय नगर बाईपास रोड पर नियमित पानी छिडकाव किया जाए ना की खाना पूर्ति शाम के समय छिडकाव किया जाता रात्रि में नहीं किया जाता है जिससे सुबह घर से निकलने पर डस्ट की मोटी परत जमी रहती है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है जिससे सुबह टहलने से सास लेने में दिक्कत हो रही है। कॉलोनीवासियों ने मांग रखी है जिनमें शक्ति नगर कॉलोनी में बने रोड को मरम्मत एवं पुनः डामरीकरण किया जाए। सीआईएसएफ बाईपास से गंगा नगर तक स्ट्रीट लाइट लगायी जाए।सभी आवासों के फर्श पर टाइल्स लगायी जाए। सभी कॉलोनियों के परिसर में डस्टबिन टुटा हुआ है जिसे मरम्मत करवाया जाए। सभी कॉलोनियों में रंगाई पोताई का कार्य 8-10 वर्षो से नही कराया गया है रंगाई पोताई का कार्य करवाया जाए। शक्ति नगर जंगल झाड़ी को हटाया जाए साफ सफाई करवाया जाए। शक्ति नगर शिव मन्दिर के बगल में ट्रांसफार्मर वाले बौण्ड्रिवाल के अंदर संदिर्गीकरण किया जाए जंगल होने के कारण इलेक्ट्रीशियन कर्मचारियों को आने जाने में परेशानी होती है। गेवरा दीपका एवं शक्ति नगर कॉलोनी के छत पर बने पानी टंकियों पर उगे हुए पौधों को हटाया जाया जिसका टेंडर हो चुका लेकिन काम नहीं किया जा रहा है। गेवरा दीपका एवं शक्ति नगर मच्छरों को भगाने हेतु फोगिंग मशीन के लिए टेंडर हो चुका लेकिन काम नहीं किया जा रहा है।

# राधेय विद्यापीठ ने जारी किया वार्षिक परीक्षा का परिणाम



विद्यार्थियों को मार्कशीट प्रदान करते शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

राधेय विद्यापीठ इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल झाबर में सत्र 2025-26 का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद दीपका के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, विशिष्ट अथिति झाबर संकुल की हेड मास्टर श्रीमती रेणु राठौर, राधेश्याम सिंह, राघवेंद्र मनहर, विद्यालय के संचालक राधेश्याम मनहर एवं प्राचार्य श्रीमती ममता मनहर द्वारा कक्षा नर्सरी से 9वीं तक के प्रथम, द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि श्री राजपूत ने कहा कि वार्षिक परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में उत्साह देखने को मिलता है। संचालक श्री मनहर ने अभिभावकों से अपील किये की वे बच्चों के प्रयासों की सराहना करें और उन्हे प्रोत्साहित करे जिससे वे भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन कर सके। प्राचार्य श्रीमती ममता मनहर ने कहा छात्रों का प्राप्ताँक पुरी तरह उनकी मेहनत का परिणाम है, विद्यालय में न केवल अंको पर ध्यान बल्कि समग्र विकास पर केंद्रित हैं। विद्यालय में इस वर्ष विद्यार्थीयों के सर्वांगीण विकास के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर शिक्षक सुनीता मेहता, नीलम जोजो, सरोज लकड़ा, शबाना परवीन, अंजली कर्ष, अर्चना शर्मा, भावना देवांगन, मुस्कान नाज़, सरस्वती यादव, शकरून, शशि उइके, ज्योति करकेट्टा, सारिजा बनो, टिकेश्वरी साहू, शिवानी झा, योगेश उपस्थित रहे।

# मंत्री आज ठेले गुमटी वालों को देंगे वेंडिंग जोन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



लखनलाल देवांगन

नगर विधायक और छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन 12 अप्रैल रविवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर बुधवारी बाजार के समीप ठेले गुमटी व्यवसाईयों के बीच दोपहर 3 बजे अपना जन्मदिन मनाकर नवीन वेंडिंग जोन लागत 50.54 लाख की सौगात देंगे। जारी प्रोटोकॉल के अनुसार श्री देवांगन प्रातः 10 से 12 बजे तक चारपारा कोहड़यि निवास में भेंट मुलाकात करेंगे। दोपहर 12:30 बजे टीपी नगर स्थित भाजपा कार्यालय में कोरबा मंडल द्वारा आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके पश्चात दोपहर 1:00 बजे माँ सर्वमंगला की पूजा अर्चना कर भंडारा कार्यक्रम एवं सर्वमंगला मंडल द्वारा आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे प्रेस क्लब कोरबा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। शाम 4 बजे हनुमान मंदिर एनटीपीसी गेट के पास मंदिर समिति एवं भाजपा मंडल द्वारा आयोजित भंडारा एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

शाम 4:45 बजे बालको नगर के सेक्टर 5 स्थित हनुमान मंदिर के पास भाजपा मंडल बालको एवं श्रीमती रश्मि रंजन कश्यप द्वारा आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम, शाम 5:30 बजे अशोक वाटिका में सखी सहेली महिला समूह द्वारा आयोजित बचपन की टिकट कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। शाम 6:30 भाजपा युवा मोर्चा भाजपा मंडल कोरबा एवं कोसाबाडी द्वारा टीपी नगर चौक में आयोजित अभिनंदन एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम सम्मिलित होंगे। शाम 7:15 बजे अग्रोहा मार्ग दुर्गा मंदिर कोतवाली के पीछे मां मनोकामना दुर्गा समिति द्वारा आयोजित तुलादान व जन्मोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

# स्थापना दिवस सप्ताह पर कोसाबाड़ी मंडल ने किया जन सेवा कार्य




कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पार्षद नरेंद्र देवांगन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत ओबीसी मोर्चा भाजपा जिला-कोरबा के तत्वावधान में कोसाबाड़ी मंडल द्वारा 9 अप्रैल को जनसेवा के दो प्रभावशाली और प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री गोपाल मोदी जी मार्गदर्शन एवं ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. विजय राठौर के कुशल नेतृत्व में आयोजित इन कार्यक्रमों ने सेवा, समर्पण और संगठन की शक्ति का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का प्रथम चरण सुबह 11 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, धोड़ीपारा वार्ड क्रमांक 17 में आयोजित हुआ, जहां मरीजों एवं उनके परिजनों को स्नेहपूर्वक फल वितरण किया गया। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे बुधवारी चौक, वार्ड क्रमांक 24 में शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच राहगीरों, श्रमिकों एवं आम नागरिकों को शीतल शरबत पिलाकर कार्यकर्ताओं ने राहत पहुंचाई।

# कुसमुंडा ब्लाक कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमुंडा

दर्री जमनीपाली एवं बालको ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बाद कुसमुण्डा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बसंत चद्रा ने कुसमुण्डा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित किया है। जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत से मार्गदर्शन प्राप्त कर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदु से अनुमोदन कराने के बाद, कुसमुण्डा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर नए एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को मौका दिया है। कार्यकारिणी में संजय अहिरवार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है, वहीं उपाध्यक्ष पद पर लखन कठौतिया, ललिता यादव, आशीष मित्तल, अंजलीना कुजूर, रवि साहु, मेवालाल यादव को शामिल किया गया है। महामंत्री के पद पर लक्ष्मण खुंटे, जमील खान, राजू लोहार, महावीर अग्रवाल, कुमार प्रसाद मांझी, चन्द्रहास पटेल, चतुर्भुज यादव, सतीश श्रीवास को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचिव पद पर नरेन्द्र कंवर, सफीला बेगम, रेहान खान, अमर सिंह कंवर, देव कुमारी चौहान, मो.असफाक, कुलदीप चंद्रा, राजा सिंह क्षत्रिय, संतोष कैवर्त एवं केशरचंद महंत को स्थान दिया गया है। ब्लॉक कमेटी के कार्यकारिणी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय आदित्य, ललित चंद्रा, रजनी श्रीवास,अनिता महंत, रवि बरेठ एवं सामुएल मसीह को शामिल कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।




जीवेत शरदः शतम्
वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री (छ.ग.शासन)
मा.लखन लाल देवांगन जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
दुष्यंत शर्मा
नरेन्द्र पाटनवार
नीलेश भावनानी
सुनील शर्मा

## खबर संक्षेप

### धान उठाव में प्रदेश में जिला अव्वल, दर्ज की शून्य प्रतिशत शॉर्टेज

**कोरबा।** जिले ने धान खरीदी और उठाव के क्षेत्र में प्रदेश में एक मिसाल कायम की है। खरीफ वर्ष 2025-26 के दौरान जिले ने शून्य प्रतिशत शॉर्टेज (शून्य कमी) के साथ शत-प्रतिशत धान उठाव का लक्ष्य हासिल कर छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले के सभी 65 उपार्जन केंद्रों में पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए कुल 27 लाख 47 हजार 101.2 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। प्रशासन की सक्रियता और मिलरों के साथ बेहतर समन्वय का ही परिणाम है कि खरीदे गए पूरे धान का सफल उठाव कर लिया गया है और वर्तमान में केंद्रों में शेष धान की मात्रा शून्य है। खरीदी नोडल खाद्य विभाग के अधिकारी श्री जी एस कंवर ने बताया कि कोरबा जिले के 65 केंद्रों के माध्यम से कुल 27 लाख 47 हजार 101.2 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। इसमें मोटे धान की मात्रा 27 लाख 39 हजार 630.4 क्विंटल और पतले धान की मात्रा 7470.8 क्विंटल रही। प्रशासन की मुस्तैदी के चलते इस पूरी मात्रा का शत-प्रतिशत उठाव कर लिया गया है। जिले के प्रमुख केंद्रों जैसे बरपाली में 88 हजार 370.8 क्विंटल भैसमा में 88 हजार 54.4 क्विंटल और नवापारा में 86 हजार 800 क्विंटल धान का उठाव पूर्ण हुआ।

### बाइक सवार युवक गिरे नाले में, रेस्क्यू के बाद निकाला गया बाहर

**कोरबा।** शुक्रवार रात डीएम रोड स्थित साईं पैलेस के पास एक खुले नाले में मुड़ापार निवासी बाइक सवार युवक ओम प्रकाश गिर गया। इस हादसे में युवक को चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार, ओम प्रकाश अपनी बाइक से डीएम रोड से गुजर रहे थे। साईं पैलेस के समीप अचानक संतुलन बिगड़ने से वे बाइक समेत खुले नाले में जा गिरे। नाला काफी गहरा और दलदल से भरा था, जिससे युवक बाइक सहित उसमें फंस गया और मदद के लिए चिल्लाने लगा। ओमप्रकाश की आवाज सुनकर राहगीर और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह नाला लंबे समय से खुला पड़ा है और इसकी नियमित सफाई भी नहीं हुई है। नाले की मौजूदा हालत देखकर यह स्पष्ट होता है कि सफाई के नाम पर केवल औपचारिकता पूरी की जा रही है। मोहल्ले वालों ने पहले रस्सी की सहायता से उसे बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन नाले की गहराई और कीचड़ के कारण यह संभव नहीं हो पाया। इसके बाद लोगों ने एक सीढ़ी मंगवाई। सीढ़ी के सहारे युवक ओम प्रकाश को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका।

### पार्षद ने गार्डन जीर्णोद्धार कार्य का किया भूमिपूजन



**बालको।** वार्ड क्रमांक 39 के अवाला गार्डन के मरम्मत, जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का पार्षद तरुण राठौर ने भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम वार्डवासियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बालको मंडल अध्यक्ष दिलेंद्र यादव, आरए नारायण, निखिल मित्तल, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती अर्चना रुनीझा, कृष्णा सोनी, राजेश सोनी सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पार्षद तरुण राठौर ने कहा कि अवाला गार्डन के सौंदर्यीकरण के बाद क्षेत्र के लोगों, बच्चों और बुजुर्गों को एक बेहतर एवं स्वच्छ वातावरण मिलेगा। इससे वार्ड की सुंदरता भी बढ़ेगी और लोगों को एक अच्छा सार्वजनिक स्थल उपलब्ध हो सकेगा। श्री राठौर ने कहा कि वार्ड में लगातार विकास कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड की अन्य समस्याओं को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को पत्र देकर अवगत कराया गया है। जैसे ही स्वीकृति प्राप्त होगी, उन कार्यों को भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

### बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**कोरबा।** सिद्धिविनायक अस्पताल में बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों से 50 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के कोर्स डायरेक्टर डॉ. शतदल नाथ ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार एयरवे श्वसन रक्त संचार शॉक आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) का प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया, जिसमें माउथ-टू-माउथ रेस्पिरेशन, चेस्ट कंप्रेशन आदि तकनीकों का अभ्यास कराया गया। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों को चोट, फ्रैक्चर, जलन विषाक्तता, बेहोशी सांप के काटने, कुत्ते के काटने आंख एवं कान में बाहरी वस्तु, रोगी परिवहन तथा फर्स्ट एड बॉक्स की सामग्री के बारे में भी प्रशिक्षण दिया गया। रेड क्रॉस सोसायटी से राजेंद्र प्रसाद तिवारी, राजेश बागड़िया, योगेश जैन, नितिन चतुर्वेदी, पारस जैन एवं बी.के. धार, डॉ राजीव गुप्ताउपस्थित रहे। इसके अलावा सिटी डेंटल क्लिनिक से डॉ. सरफराज खान एवं डॉ. स्नोबर अंसारी की भी उपस्थित रहे।

# दो सप्ताह से बैरंग लौट रहे उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी में मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

गेवरा प्रोजेक्ट स्थित कन्ज्यूमर्स को-ऑपरेटिव स्टोर्स लिमिटेड में स्थिति उस वक्त अनियंत्रित हो गई जब पिछले पखवाड़ेभर से रसोई गैस की किल्लत झेल रहे सैकड़ों उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा बुकिंग के 15 दिन बाद भी सिलेंडर न मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने एजेंसी परिसर में जमकर नारेबाजी की और प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए।

प्रदर्शन कर रहे उपभोक्ताओं ने डिजिटल इंडिया के दावों और धरातल की हकीकत के बीच के अंतर को उजागर करते हुए आरोप लगाए हैं जिनमें उपभोक्ताओं का कहना है कि 15 दिनों से सिलेंडर बुक होने के बावजूद न तो होम डिलीवरी हो रही है और न ही एजेंसी से सिलेंडर मिल रहा है। एजेंसी के सूचना पटल पर स्टॉक या वितरण संबंधी कोई जानकारी साझा नहीं की जा रही है जिससे कर्मचारियों और आम उपभोक्ताओं को अपना काम छोड़कर प्रतिदिन चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। लोगों ने मांग की है कि आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप और सूचना पटल पर प्रतिदिन यह स्पष्ट किया जाए कि कितने सिलेंडर आए हैं और किन उपभोक्ताओं को वितरित किए जाएंगे। हंगामे के बीच एजेंसी कर्मचारियों ने स्वीकार किया कि आर्थिक तंगी के कारण मुख्य डिपो में अग्रिम राशि जमा नहीं हो पा रही है इस वजह से डिपो से पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर लोड नहीं हो पा रहे हैं और मांग व आपूर्ति के बीच एक बड़ी खाई पैदा हो गई है। उपभोक्ताओं की प्राथमिकता सर्वोपरि हाल ही में 7 अप्रैल को हुए चुनावों के बाद नवगठित कमेटी के अध्यक्ष जनाराम कर्ष ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया उन्होंने स्थिति को संभालने का प्रयास करते हुए कहा मेरे कार्यभार संभालने के बाद किसी भी उपभोक्ता को परेशान नहीं होना पड़ेगा गैस सिलेंडर की निर्बाध आपूर्ति और समय पर डिलीवरी मेरी पहली प्राथमिकता है पिछले 10 वर्षों में जो भी खामियां रही हैं उन्हें दुरुस्त किया जाएगा और एक पारदर्शी वितरण प्रणाली लागू की जाएगी। उपभोक्ताओं ने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द ही आपूर्ति सामान्य नहीं हुई और दैनिक अपडेट के लिए रोस्टर प्रणाली शुरू नहीं की गई तो वे प्रबंधन और प्रशासन के खिलाफ और भी आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

## गेवरा प्रोजेक्ट में रसोई गैस की बनी है किल्लत

**खास बातें**

- नंबर लगाने के बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर
- एसईसीएल की कॉलोनी में निवासरत कोल कर्मियों का मामला



## प्रबंधन द्वारा तीन किमी लंबी बाउंड्रीवाल का किया जा रहा निर्माण कार्य

# तीन दिन में बाउंड्रीवाल हटाने का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको प्रबंधन द्वारा बनाए जा रहे बाउंड्रीवाल निर्माण का विवाद अब गहराने लगा है। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद नगर निगम ने बालको प्रबंधन द्वारा निर्माणाधीन बाउंड्रीवाल मामले में सख्त रुख अपनाते हुए प्रबंधन को नोट जारी कर चेतावनी दी गई है कि तीन दिन के भीतर अवैध रुप से निर्मित बाउंड्रीवाल को स्वयं हटा लिया जाए। समय रहते बाउंड्रीवाल नहीं हटने पर नगर निगम द्वारा बाउंड्रीवाल हटाने व नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी।

**खास बात**

- स्थानीय ग्रामीणों ने हाई कोर्ट का खटखटाया था दरवाजा, कोर्ट के निर्देश पर निगम ने दिखाई सख्ती

उल्लेखनीय है कि बालको प्रबंधन लगभग 3 किलोमीटर लंबी व लगभग 10 फीट बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य किया जा रहा था, इस बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य से बालको के समीप स्थित ग्राम दोंदरो, बेला सहित अन्य गांव के लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी। ग्रामीणों को रोजमर्रा के कामकाज में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सूत्रों की मानें तो यह निर्माण विवादित शासकीय भूमि पर किया जा रहा था और इसके लिए नगर निगम से कोई वैध अनुमति भी नहीं ली गई थी। निगम द्वारा पहले भी इस संबंध में नोटिस जारी किया है। हालांकि बावजूद इसके बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य जारी रहने व बांउड्रीवाल निर्माण का मामला हाईकोर्ट पहुंचने के बाद यह मामला और गहराने लगा है।



निर्माण बाउंड्रीवाल।

### तीन दिन के भीतर बाउंड्री हटाने जारी किया नोटिस

अलग अलग समय पर बालको प्रबंधन द्वारा बांउड्रीवाल का निर्माण किया गया है, 15 साल पहले फिर तीन साल बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया था। अभी तक तत्काल में लगभग तीन किमी लंबी व दस फीट ऊंची बाउंड्रीवाल निर्माण किया जा रहा है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा बालको प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस निर्माण कार्य के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। सुनवाई के दौरान न्यायालय द्वारा कलेक्टर व निगम आयुक्त को मामले के निराकरण करने का निर्देश दिया गया था। जिसके तहत सुनवाई पूरी कर ली गई है। प्रबंधन को तीन दिन के भीतर बाउंड्रीवाल हटाने का नोटिस जारी किया गया है। तय समय सीमा पर प्रबंधन द्वारा स्वयं बाउंड्रीवाल नहीं हटाने पर निगम द्वारा अपने प्रावधानों के तहत बाउंड्रीवाल हटाने के साथ साथ नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी।

**-आशुतोष पाण्डेय,** निगम आयुक्त कोरबा

### खेत की रखवाली नहीं करने पर युवक ने पिता को उतारा मौत के घाट

**अंबिकापुर।** टमाटर के खेत की रखवाली नहीं करने और मवेशियों द्वारा फसल को नुकसान पहुंचाने से आक्रोशित युवक ने अपने ही पिता की पिटाई कर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने पिता को बिस्तर पर सुला दिया। इस मामले में पुलिस ने जांच उपरान्त आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बलरामपुर जिले के कुसमी पुलिस को 7 अप्रैल को सूचना मिली थी कि ग्राम रतासिल्ली निवासी लल्लू खलखो को उसके बेटे ने आपसी विवाद में धक्का दे दिया था। गिरने से हाथ, पैर और सीने में हल्की चोट लगने के कारण लल्लू खलखो की मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया था। इस दौरान पीएम रिपोर्ट में लल्लू खलखो की हत्या की पुष्टि हुई जिसके बढ़ एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर मृतक के पुत्र प्रदीप खलखो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने ग्राम रतासिल्ली के बाहर खेत में टमाटर के पौधे लगाए थे जिसके रखवाली की जिम्मेदारी उसने अपने पिता लल्लू खलखो को दी थी लेकिन 6 अप्रैल को लल्लू खलखो ने शराब पी लिया और टमाटर की फसल को ध्यान नहीं दिया।

## दो दिन में 98 गिरफ्तारी व स्थाई वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



पुलिस गिरफ्त में स्थायी वारंटी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में जिले के तीनों अनुभागों के अनुभागीय अधिकारियों तथा समस्त थाना व चौकी प्रभारियों के द्वारा स्थायी वारंट व गिरफ्तारी वारंटों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में विभिन्न थाना चौकी के द्वारा 10 व 11 अप्रैल को कोरबा पुलिस द्वारा सघन दबिश अभियान चलाकर लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही के दौरान 4 स्थायी वारंटी एवं 29 गिरफ्तारी वारंटी तामील किए गए, वहीं शनिवार को 17 स्थायी वारंटी एवं 48 गिरफ्तारी वारंटी तामील किए गए। इस प्रकार दो दिन में कुल 21 स्थायी वारंटी एवं 77 गिरफ्तारी वारंटी तामील कर कुल 98 वारंटियों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## आस्था बनी सिविल लाईन प्रभारी, 8 अधिकारियों का हुआ तबादला

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने जिला पुलिस विभाग में कसावट लाने के उद्देश्य से अधिकारियों का बादला किया है। जारी आदेश के तहत जिले में पदस्थ छह पुलिस अधिकारियों के कार्यस्थल में बदलाव किया गया है। सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशिक्षु आस्था शर्मा को थाना उरगा से थाना सिविल लाइन रामपुर प्रभारी बनाया गया है। उपनिरीक्षक नवीन पटेल को थाना प्रभारी सिविल लाइन रामपुर से थाना प्रभारी उरगा पदस्थ किया गया है। उपनिरीक्षक विनोद सिंह को थाना प्रभारी कुसमुण्डा से चौकी प्रभारी रजगामार पदस्थ किया गया है। उपनिरीक्षक लक्ष्मण खुंटे को चौकी प्रभारी रजगामार से थाना प्रभारी कुसमुण्डा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उरगा प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश तिवारी को पुलिस कंट्रोल रूम (सीसीआर) का प्रभारी बनाया गया है। सहायक उपनिरीक्षक भीमसेन यादव को पुलिस कंट्रोल रूम से थाना कोतवाली स्थानांतरित किया गया है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 108 एंबुलेंस सेवा पुनः आरंभ



एंबुलेंस का शुभारंभ करते स्वास्थ्य कर्मी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दो वर्षों से 108 एंबुलेंस सेवा बंद हो गई थी। जिसकी वजह से क्षेत्र के मरीजों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। निजी व किराए के वाहनों से स्वास्थ्य केंद्र पहुंचना पड़ता था। हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत कुल 22 गांव व 7 उप स्वास्थ्य केन्द्र आते हैं। मरीजों को बारिश का मौसम हो चाहे गर्मी या ठंडी का मौसम आने-जाने में बड़ी परेशानी हो रही थी अब 108 एंबुलेंस सेवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार जिसका लोकेशन भी हरदीबाजार में सुचारू रूप से चालू हो गया है अब मरीज को 108 एंबुलेंस सेवा के सुचारू रूप से चालू होने से बहुत बड़ी राहत मिली है। एंबुलेंस की मांग संस्था के साथ साथ, ग्रामीणों व क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों के द्वारा किया जा रहा था, जो की शासन की योजनाओं के अनुसार एम्बुलेंस स्वीकृती दी गई है। इस मौके पर ग्राम सरपंच लोकेश्वर कंवर, पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन सहित जनप्रतिनिधियों के द्वारा श्रीफल तोड़कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ युधेश सांडे, डॉक्टर टकेंद्र वर्मा, डॉ सुधा महंत, प्रेमचंद पात्रे, सचिव बिसाहू सिंह राज सहित कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## छग विद्युत कंपनियों में पदोन्नति में भेदभाव का लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रेसवार्ता को संबोधित करते छग राज्य विद्युत मंडल के अधिकारी कर्मचारी संघ।

छग राज्य विद्युत मंडल के आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ ने छत्तीसगढ़ पावर कंपनियों पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के साथ पदोन्नति में भेदभाव किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। संघ ने कहा है कि आरक्षण संबंधी नियमों एवं न्यायालय के निर्देशों की अनदेखी की जा रही है, जिसके विरोध में चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है।

**खास बात**

- छग राज्य विद्युत मंडल संघ की प्रेसवार्ता

संघ के प्रांतीय महासचिव राजेश बंजारा ने मीडिया से चर्चा में बताया कि पावर कंपनियों द्वारा पदोन्नति की प्रक्रिया में लगातार असंवैधानिक तरीके अपनाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालय के आदेशों की गलत व्याख्या कर केवल सामान्य वर्ग को लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है, जिससे एससी-एसटी वर्ग के हजारों अधिकारी-कर्मचारी पदोन्नति से वंचित हो रहे हैं। संघ आंदोलन कार्यक्रम के अनुसार 13 से 17 अप्रैल सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में गेट मीटिंग, सामूहिक इस्तीफे के साथ ज्ञापन सौंपना। 20 अप्रैल एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर विरोध प्रदर्शन। 27 अप्रैल अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश के साथ व्यापक आंदोलन किया जाएगा। संघ ने अपनी मांगों में कहा है कि पदोन्नति प्रक्रिया को तत्काल स्थगित कर नए नियम लागू किए जाएं। आरक्षण अधिनियम 1994 के तहत भर्ती व पदोन्नति में रोस्टर प्रणाली लागू की जाए। अनुसूचित क्षेत्रों में पदस्थापना संबंधी 2015 के निर्देशों का पालन हो। संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए। विभागीय जांच की समय-सीमा तय कर एक वर्ष में निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। पदोन्नति समितियों में एससी-एसटी प्रतिनिधित्व अनिवार्य किया जाए। सहित अन्य मांग शामिल हैं। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।

## धौराभांठा के नवनिर्मित्त राशन दुकान का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



दुकान का निरीक्षण करते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राशन वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनाने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पाली विकासखण्ड के धौराभांठा गांव में नवनिर्मित शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं की जायजा लेते हुए संचालक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सोसायटी में उपलब्ध खाद्यान्न के आबंटन और भंडारण की स्थिति की जानकारी ली तथा स्टॉक का मिलान किया। साथ ही उन्होंने ई-पॉस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों को दिए जा रहे राशन वितरण की प्रक्रिया का अवलोकन कर पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा करते हुए राशन वितरण की वास्तविक स्थिति जानी और उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों और शिकायतों पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने दुकान संचालक को स्पष्ट निर्देश दिए कि वितरण प्रक्रिया नियमित, समयबद्ध और नियमों के अनुरूप हो, ताकि किसी भी हितग्राही को असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर एसडीएम पाली श्री रोहित सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
07 मई, 11 मई, 25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### भाजयुमो मंडल हरदीबाजार व दीपका ने हितग्राहियों से किया संपर्क

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत बूथ चलो अभियान के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल हल्दी बाजार (चैनपुर) एवं दीपका (तीवरता) में हितग्राहियों से संपर्क किया गया। हरदीबाजार मंडल के चैनपुर में यह कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस अवसर पर विनोद टेकाम सरपंच, सोनू जायसवाल, प्रकाश सूर्यवंशी, गुलशन टेकाम, संजू, सुमित, नमन, गोपाल, निखिल, गजानंद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं दीपका मंडल के तीवरता क्षेत्र में यह कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष सत्यम यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष मनोज दुबे, वीरेंद्र यादव, खालिद खान, नवसाद खान, नंदू साहू सहित युवा मोर्चा के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने हितग्राहियों से मुलाकात कर उन्हें अभिनंदन पत्र भेंट किए एवं योजनाओं की जानकारी दी।

### भाजपा स्थापना दिवस पर कोरबी में गांव चलो बस्ती चलो चलाया गया अभियान



**हरदीबाजार।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हरदीबाजार मंडल के ग्राम कोरबी में गांव चलो बस्ती चलो अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा छोटेलाल पटेल ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, मुफ्त राशन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, कृषक उन्नति योजना, धान बोनस, पेंशन, जनधन खाता और डीबीटी सहित केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। लाभार्थियों से चर्चा के दौरान उन्होंने योजनाओं का फीडबैक लिया गया। इस अवसर पर संजय राठौर, फत्ते राठौर, सरजू निषाद, शिव राठौर, राजेशपाल पैंकरा, बलराम वैष्णव, कृष्ण कुमार राठौर, महेश्वर राठौर, श्यामलाल राठौर और शेखर चौहान, अमरनाथ कौशिक, शिव मरकाम, प्रभाकर कौशिक, शांतिलाल धीवर, मौसम राठौर, डेविड कुमार, लकेश्वर पटेल, ज्ञान प्रकाश उपस्थित रहे।

# गैस सिलेंडर की समस्या से निपटने पीडीएस दुकानों में दिया जाएगा मिट्टी तेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**अलग खबर**

पिछले एक माह से गैस सिलेंडर की समस्या से जूझ रहे शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए पीडीएस दुकानों में मिट्टी तेल देने की व्यवस्था शुरु की जा रही है। शहरी क्षेत्रों में एक लीटर तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में दो लीटर प्रत्येक कार्ड में दिया जाएगा।

मिट्टी तेल का वितरण पीडीएस दुकानों के माध्यम से लंबे समय बाद किया जा रहा है। पूर्व में पीडीएस के दुकानों से मिट्टी तेल का वितरण जरुर होता था लेकिन बड़े भारी वाहनों में इसका उपयोग किए जाने के कारण आम लोगों को इससे वंचित होना पड़ रहा था वहीं मिट्टी तेल व्यवसाय से जुड़े लोग मालामाल हो रहे थे। राज्य शासन ने इस व्यवस्था को बंद कर दिया था और अब पुनः इसे नए सिरे से स्टार्ट किया जा रहा है और वह भी गैस सिलेंडर की समस्या से निपटने के लिए इस व्यवस्था को लागू किया गया है। जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राहियों को ज्यादा मिलेगा। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों के हितग्राही गैस की समस्या से जूझ रहे हैं। जिन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं और सिलेंडर लेने के लिए उन्हें महीनों इंतजार करना पड़ रहा है। गैस एजेंसियों के द्वारा पहली बुकिंग के बाद दूसरी बुकिंग के लिए 25 दिन का समय दिया गया है और यह समस ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए भारी पड़ रहा है। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता ईंधन के रुप में एक बार फिर लकड़ी की ओर मुड़ गए हैं।

## ग्रामीण क्षेत्रों में सिलेंडर रिफलिंग की समस्या से जूझ रहे हितग्राही

**खास बातें**

- ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक कार्ड में दो लीटर और शहरी क्षेत्र में एक लीटर का दिया गया है प्रावधान



### स्कूलों में भी सिलेंडर की समस्या

सिलेंडर की समस्या केवल आम हितग्राहियों तक ही नहीं है बल्कि स्कूलों में भी बनी हुई है। जहां मध्यान्ह भोजन के लिए सिलेंडर नहीं मिलने के कारण लकड़ी का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश स्कूलों में मध्यान्ह भोजन लकड़ी से ही बनाए जा रहे हैं। उज्ज्वला योजना अंतर्गत हितग्राहियों को भले ही सिलेंडर की सुविधा दी गई है किंतु हकीकत में उज्जवला योजना के हितग्राहियों को भी सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

## सामान्य सभा की बैठक में सामने आई जानकारी

# गर्मी की दस्तक के बाद भी बिगड़े हैंडपंप सुधारने पीएचई के पास फंड नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी की दस्तक के बाद भी घटते जलस्तर के कारण बिगड़े हैंडपंपों के सुधारने के लिए पीएचई के पास फंड का टोटा बना हुआ है। पिछले दिनों सामान्य सभा की हुई बैठक में इस बात की जानकारी सामने आई है। अब पंचायतों को अपने मद से ही बिगड़े हैंडपंपों को सुधारना पड़ेगा।

**खास बात**

- स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों में बिगड़े हैं हैंडपंप



फाइल फोटो

जिले में हैंडपंपों के बिगड़े होने का मुद्दा सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत के सदस्यों ने उठाया था। बैठक के दौरान पीएचई की ओर से उपस्थित अधिकारी ने यह जानकारी दी कि शासन की ओर से अभी किसी तरह का ऐसा फंड जारी नहीं किया गया है जिससे बिगड़े हैंडपंपों को सुधारने के लिए कार्य किया जा सके। जबकि ग्राम पंचायतों में सैकड़ों हैंडपंप बिगड़े पड़े हैं। उन्हें सुधारने के लिए पीएचई के द्वारा कोई विशेष अभियान अब तक नहीं चलाया गया है। इसका कारण फंड की कमी बताई गई है। जबकि इसके पूर्व 15 फरवरी से प्रत्येक वर्ष विभाग के द्वारा हैंडपंप संधारण का कार्य कराया जाता था। इस वर्ष यह 15 अप्रैल तक भी शुरू नहीं हो सका है। हैंडपंपों के बिगड़ने की स्थिति केवल ग्राम पंचायतों में ही नहीं है अपितु स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र में भी यह स्थिति सामने आई है। 34 मिडिल और प्रायमरी स्कूल, 62 आंगनबाड़ी केन्द्र ऐसे सामने आए हैं जो सुदूर वनांचल में स्थित हैं जहां लगे हैंडपंप जवाब देने लगे हैं। यह स्थिति शहरी क्षेत्र में भी नजर आने लगी है। जहां जलावर्धन योजना से किसी भी केन्द्र को और स्कूलों को नल कनेक्शन नहीं दिया गया है।

### जल जीवन मिशन से नहीं मिला पानी

बिगड़े हैंडपंप वाले स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों को केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना से भी पानी की सुविधा नहीं मिली है। 2022 में शुरु हुई इस योजना से जिले के ग्रामीण अंचल में किसी भी स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र को नल कनेक्शन नहीं दिया गया है।

### 562 स्कूल, आंगनबाड़ी एक कैंपस में

जिले के 562 स्कूल और आंगनबाड़ी ऐसे हैं जो एक ही कैंपस में संचालित हो रहे हैं। जहां हैंडपंप की सुविधा होने के कारण इन आंगनबाड़ी केन्द्रों व स्कूलों को पानी की समस्या से जूझना नहीं पड़ रहा है। इन केन्द्रों के हैंडपंप ऐसे हैं कि कभी भी जवाब दे सकते हैं। ग्रामीणों के द्वारा भी पानी के लिए स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों में लगे हैंडपंप से ही पानी की सुविधा लेनी पड़ रही है।

### सुधारने का काम शुरू

शासन की ओर से बड़ी योजनाओं के लिए फंड जारी हुआ है। अन्य कार्यों के लिए फंड की कमी बनी हुई है। जिसकी वजह से हैंडपंप सुधारने का अभियान में दिक्कतें आ रही हैं। हालांकि जहां शिकायतें मिली हैं वहां अन्य खर्च से हैंडपंप सुधारने के कार्य का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

**-रमन उरांव,** कार्यपालन अभियंता पीएचई

# उड़ती धूल बनी मुसीबत, ट्रक संघ ने प्रबंधन से की पानी छिड़काव की मांग



उड़ता धूल का गुब्बार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली

एसईसीएल सराईपाली ओपन कास्ट खदान से होने वाले कोयला परिवहन के कारण क्षेत्र में धूल और डस्ट की समस्या विकराल होती जा रही है। इस समस्या को लेकर ट्रांसपोर्ट ट्रक एण्ड ट्रेलर मालिक संघ, पाली ने कड़ा रुख अपनाते हुए खदान प्रबंधन को पत्र सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की है। संघ के अध्यक्ष रितेश कुमार जायसवाल द्वारा कोल प्रबंधक को लिखे गए पत्र में बताया गया है कि सराईपाली खदान से कोयला लोड कर निकलने वाली गाड़ियों के कारण बूम बेरियर से लेकर ओवर ब्रिज के मुख्य मार्ग तक भारी मात्रा में धूल उड़ती रहती है। स्वास्थ्य पर असरः क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों और वहां से गुजरने वाले आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। दुर्घटना की आशंकाः धूल के गुबार के कारण दृश्यता काफी कम हो जाती है, जिससे मुख्य मार्ग पर कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। संघ के अनुसार, पूर्व में भी यहां छोटी-मोटी घटनाएं हो चुकी हैं। ट्रक मालिक संघ ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रभावित क्षेत्रों में पानी का नियमित छिड़काव सुनिश्चित नहीं किया गया, तो भविष्य में कोई बड़ी अनहोनी या गंभीर बीमारी फैल सकती है। इस शिकायत की प्रतिलिपि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाली को भी प्रेषित की गई है ताकि प्रशासन इस मामले में हस्तक्षेप कर सके।





जीवेत शरदः शतम्
सरल, सहज स्वभाव, मृदुभाषी जन-जन के दुलरवा जनसेवक कोरबा के लाडले विधायक,
विकास पुरूष, छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग, सार्वजनिक उपमक्रम, वाणिज्यिक कर (आबकारी) श्रम मंत्री
मा. लखन लाल देवांगन जी
को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
12 अप्रैल
विनीत - भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा, जिला कोरबा के समस्त कार्यकर्तागण